समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# छत्तीसगढ़अग्निशमन विभाग मे 295 पदों पर भर्ती, 1 जुलाई से शुरू होंगे आवेदन ; जानिए पात्रता, प्रक्रिया और जरूरी तारीखे।

Publisher

Published on 18 Jun 2025




## 12वीं पास के लिए सरकारी नौकरी का मौका, स्टोर कीपर से लेकर फायर मैन और ड्राइवर तक कई पदों पर होगी नियुक्ति।

**रायपुर : छत्तीसगढ़ अग्निशमन** एवं **आपातकालीन सेवा विभाग** ने युवाओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान किया है। विभाग ने **कुल 295 पदों पर सीधी भर्ती** के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। **इच्छुक** और **पात्र अभ्यर्थी 1 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025** तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट cghgcd.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### किन पदों पर होगी भर्ती ?

| पद का नाम | कुल पद | योग्यता |
|---|---|---|
| स्टेशन ऑफिसर (सब इंस्पेक्टर) | 21 | B.Sc. या BE (अग्निशमन) |
| वाहन चालक | 14 | 12वीं पास + ड्राइविंग लाइसेंस |
| वाहन चालक सह ऑपरेटर | 86 | 12वीं पास + ड्राइविंग लाइसेंस |
| फायर मैन | 117 | 12वीं पास |
| स्टोर कीपर | 32 | 12वीं पास |
| मैकेनिक | 2 | 12वीं + ITI (डीजल मैकेनिक) |
| वॉचरूम ऑपरेटर | 19 | 12वीं पास + नगर सैनिक प्रशिक्षण |
| वायरलेस ऑपरेटर (संविदा) | 4 | 12वीं पास + नगर सैनिक प्रशिक्षण |

**महत्वपूर्ण तिथियां**

१. **आवेदन प्रारंभ :** 1 जुलाई 2025

२. अंतिम तिथि: 31 जुलाई 2025

३. **शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि :** जल्द जारी होगी

**आयु सीमा**

१. **न्यूनतम आयु :** 18 वर्ष

२. **अधिकतम आयु :** 28 वर्ष

३. **आरक्षित वर्गों को छूट सरकारी नियमों के अनुसार**

**चयन प्रक्रिया**

१. **चयन दो चरणों मे होगा :**

२. **शैक्षणिक योग्यता के आधार पर स्क्रीनिंग**

३. **शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Test) – सभी पदों के लिए अनिवार्य**

**आवेदन कैसे करे ?**

१. **वेबसाइट** www.cghgcd.gov.in पर जाएं

२. "**Recruitment 2025**" सेक्शन में जाएं

३. **अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़े**

४. "**New Registration**" कर लॉगिन आईडी प्राप्त करें

५. **आवश्यक जानकारी और दस्तावेज अपलोड करे**

६. **अगर शुल्क है तो उसका भुगतान करे**

७. फॉर्म सबमिट कर लें और उसकी एक कॉपी सुरक्षित रखें

जरूरी दस्तावेज

१. **पासपोर्ट साइज़ फोटो, सिग्नेचर**

२.**10वीं/12वीं की मार्कशीट**

३. **ड्राइविंग लाइसेसं (जहां लागू हो)**

४. **जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)**

**विभाग का उद्देश्य**

यह **भर्ती अभियान छत्तीसगढ़ राज्य मे अंग्निशमन व्यवस्था** को और अधिक मज़बूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भर्ती प्रक्रिया **पारदर्शिता** और **निष्पक्षता** के साथ पूरी की जाएगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.